जेईसीसी में राष्ट्रीय आरोग्य मेले का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

20 अप्रैल, 2023 को राजस्थान के आयुष राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में केंद्रीय आयुष मंत्रालय, राज्य के आयुष विभाग तथा पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय आरोग्य मेले का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- आयुष राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि 'निरोगी राजस्थान' की संकल्पना को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार प्रदेश में आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा पद्धति को लगातार बढावा दे रही है, जिसके परिणामस्वरूप आयुष पद्धति के प्रति लोगों में रूझान बढ़ा है और यह एलोपैथी के मजबूत विकल्प के रूप में उभर रही है। अन्य राज्यों के समक्ष राज्य सरकार की यह एक अनुकरणीय पहल है।
- आयुष राज्य मंत्री ने आयुष के क्षेत्र में राजस्थान की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान के जोधपुर में देश का दूसरा आयुर्वेद विश्वविद्यालय है। कोविड के समय आयुष विभाग द्वारा विकसित काढ़ा पूरे देश-दुनिया में कारगर सिद्ध हुआ है।
- 23 अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय आरोग्य मेले में लगभग 100 स्टॉल्स के माध्यम से विभिन्न आयुष उपकरण एवं औषधियाँ प्रदर्शित की गई हैं, जिनके माध्यम से आगंतुकों को जागरूक किया जाएगा।
- आरोग्य मेले में आयुष उद्योग प्रदर्शनी, निःशुल्क ओपीडी, दवा वितरण, उपचार एवं परामर्श के साथ-साथ आयुर्वेद, होम्यो, यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों का प्रदर्शन किया जाएगा।
- मेले में चार दिन में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जाएगा। यह सत्र अस्वस्थ जीवन शैली के कारण उत्पन्न हो रही स्वास्थ्य समस्याओं से निजात पाने के लिये कारगर साबित होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-national-health-fair-at-jecc